Toppersnotes
Unleash the topper in you

# मध्य प्रदेश

## सहायक वर्ग-3, स्टेनो टाइपिस्ट एवं शीघ्रलेखक

### समूह - 4

**मध्यप्रदेश कर्मचारी चयन मंडल (MPESB)**

**भाग – 1**

**भारत का सामान्य ज्ञान एवं कंप्यूटर**


SIERRA INNOVATIONS

| क्र.सं. | अध्याय | पृष्ठ सं. |
|---|---|---|
| | **भारत का भूगोल** | |
| 1. | भारत की स्थिति और विस्तार | **1** |
| 2. | भारत के भौगोलिक प्रदेश | **4** |
| 3. | भारत का अपवाह तंत्र | **20** |
| 4. | भारत की जलवायु | **28** |
| 5. | जैव विविधता संरक्षण | **34** |
| 6. | प्रमुख फसलें और फसल पैटर्न | **39** |
| 7. | भारत के खनिज संसाधन | **46** |
| 8. | ऊर्जा संसाधन | **53** |
| 9. | भारत के प्रमुख उद्योग एवं औद्योगिक क्षेत्र | **62** |
| 10. | परिवहन | **66** |
| 11. | विश्व भूगोल के महत्वपूर्ण तथ्य | **70** |
| | **भारत का इतिहास** | |
| 1. | प्राचीन इतिहास | **78** |
| 2. | मध्यकालीन भारत | **96** |
| 3. | आधुनिक भारत का इतिहास | **111** |
| | **भारतीय संविधान** | |
| 1. | भारतीय संविधान का ऐतिहासिक आधार | **142** |
| 2. | संविधान सभा | **144** |
| 3. | प्रस्तावना | **145** |
| 4. | संविधान की विशेषताएँ | **146** |
| 5. | मौलिक अधिकार | **148** |
| 6. | राज्य के नीति-निदेशक तत्व | **151** |
| 7. | मूल कर्तव्य | **152** |
| 8. | संघवाद | **153** |

| | | |
|---|---|---|
| 9. | संघ सरकार (राष्ट्रपति) | **155** |
| 10. | उपराष्ट्रपति | **159** |
| 11. | महान्यायवादी | **160** |
| 12. | प्रधानमंत्री एवं मंत्रिपरिषद् | **161** |
| 13. | संसद | **163** |
| 14. | उच्चतम न्यायालय | **168** |
| 15. | राज्य सरकार | **172** |
| 16. | मुख्यमंत्री और मंत्रिपरिषद् | **175** |
| 17. | उच्च न्यायालय | **175** |
| 18. | पंचायती राज | **178** |
| 19. | जिला परिषद् | **180** |
| 20. | शहरी स्थानीय-स्वशासन | **181** |
| 21. | चुनाव आयोग | **182** |
| 22. | संघ लोक सेवा आयोग | **183** |
| 23. | केन्द्रीय प्रशासनिक अधिकरण | **183** |
| 24. | नियंत्रक व महालेखा परीक्षक | **183** |
| 25. | C.B.I | **184** |
| 26. | केन्द्रीय सतर्कता आयोग | **184** |
| 27. | लोकायुक्त | **185** |
| 28. | लोकपाल | **185** |
| 29. | राष्ट्रीय आय | **187** |
| 30. | भारत में योजनाएँ | **195** |
| 31. | पुरस्कार और सम्मान | **201** |
| 32. | मेले एवं त्यौहार | **205** |
| 33. | नृत्य | **210** |

| कंप्यूटर | | |
|---|---|---|
| 1. | कंप्यूटर का परिचय | 217 |
| 2. | कंप्यूटर की कार्यप्रणाली, इनपुट, आउटपुट एवं भण्डारण | 220 |
| 3. | कंप्यूटर प्रणाली बाइनरी, डेसीमल आस्की कोड व यूनिकोड | 224 |
| 4. | कंप्यूटर का संगठन | 227 |
| 5. | कंप्यूटर की भाषा | 230 |
| 6. | कंप्यूटर सॉफ्टवेर | 232 |
| 7. | ऑपरेटिंग सिस्टम | 233 |
| 8. | मैक्रोसोफ्ट, विण्डोस, उसके विभिन्न वर्जन व उसके मुलभुत अवयक | 234 |
| 9. | वर्ड प्रोसेसिंग सॉफ्टवेर | 235 |
| 10. | माइक्रोसॉफ्ट पॉवर पॉइंट | 237 |
| 11. | माइक्रोसॉफ्ट एक्सेल स्प्रेडशीट सॉफ्टवेर | 239 |
| 12. | इन्टरनेट | 245 |
| 13. | कंप्यूटर नेटवर्किंग | 248 |
| 14. | नेटवर्क टोपोलॉजी | 250 |
| 15. | वेबसाइट | 252 |
| 16. | डेटाबेस | 254 |
| 17. | सूचना एवं संचार प्रौद्योगिकी | 259 |
| 18. | सोशल नेटवर्किंग साईट | 271 |
| 19. | कंप्यूटर संक्षिप्ताक्षर (Abbreviations) | 274 |

# भारत की स्थिति और विस्तार




- **उत्तरी गोलार्ध** में स्थिति (**8°4' उत्तर से 37°6' उत्तर अक्षांश ; पूर्व 68°7 से पूर्वी देशांतर 97°25 )**
- **सीमाएं :**
  - **उत्तर:** महान हिमालय
  - **पश्चिम:** अरब सागर
  - **पूर्व**: बंगाल की खाड़ी
  - **दक्षिण:** हिंद महासागर।
- विश्व का **7वां सबसे बड़ा देश।**
- **सबसे उत्तरी बिंदु :** इंदिरा कोल
- **सबसे दक्षिणी बिंदु:** अंडमान और निकोबार द्वीप समूह में इंदिरा पॉइंट।
- **सबसे पूर्वी बिंदु:** अरुणाचल प्रदेश के अंजॉ जिले में किबिथू के पास
- **पश्चिमीतम बिंदु:** कच्छ में सर क्रीक, गुजरात में "गौहर माता" के पास।
- **लंबाई:** 3214 किमी
- **चौड़ाई:** 2933 किमी (अनुदैर्ध्य अंतर: 300 या 2 घंटे)
- **क्षेत्रफल:** 32,87,263 वर्ग किमी (दुनिया का 2.42%)
- **जनसंख्या:** विश्व का दूसरा सबसे बड़ा देश (विश्व की जनसंख्या का 17.5%)
- **कुल भूमि सीमा** = 15,200 किमी।

- **कुल समुद्री सीमा** = 7516.5 किमी (बिना द्वीपों के 6100 किमी)

| विश्व में स्थान | देश का नाम | |
|---|---|---|
| | क्षेत्रफल के अनुसार | जनसंख्या के अनुसार |
| **प्रथम** | **रूस** | **चीन** |
| **द्वितीय** | **कनाडा** | **भारत** |
| **तृतीय** | **चीन** | **यू.एस.ए** |
| **चतुर्थ** | **यू. एस. ए.** | **इंडोनेशिया** |
| **पंचम** | **ब्राजील** | **पाकिस्ताान** |
| **शश्ठ** | **ऑस्ट्रेलिया** | **नाईजीरिया** |
| **सप्तम** | **भारत** | **ब्राजील** |
| **अश्टम** | **अर्जेनटीना** | **बांग्लादेष** |

भारत के पाँच षीर्श क्षेत्रफल वाले राज्य

| क्र.सं. | राज्य | क्षेत्रफल (वर्ग किमी.) |
|---|---|---|
| 1. | राजस्थान | 3,42,239 |
| 2. | मध्यप्रदेश | 3,08,252 |
| 3. | महाराष्ट्र | 3,07,713 |
| 4. | उत्तरप्रदेश | 2,40,928 |
| 5. | गुजरात | 1,96,024 |

## भारत के शीर्ष क्षेत्रफल वाले 5 जिले

| क्र.सं. | जिला | राज्य | क्षेत्रफल (वर्ग किमी.) |
|---|---|---|---|
| 1. | कच्छ | गुजरात | 45,674 |
| 2. | लेह | लद्दाख | 45,110 |
| 3. | जैसलमेर | राजस्थान | 38,401 |
| 4. | बिकानेर | राजस्थान | 30,247 |
| 5. | बाडमेर | राजस्थान | 28,387 |

- सर्वाधिक राज्यों की सीमा को छूने वाला भारतीय राज्य उत्तर प्रदेश है । उत्तर प्रदेश कुल 8 राज्य एवं 1 केन्द्र शासित प्रदेश से सीमा बनाता है ।
  - उत्तराखण्ड
  - हरियाणा
  - दिल्ली (केन्द्र शासित प्रदेश)
  - हिमाचल प्रदेश
  - राजस्थान
  - मध्य प्रदेश
  - छत्तीसगढ़
  - झारखण्ड
  - बिहार
- भारत के कुल 9 राज्य एवं – केन्द्र शासित प्रदेश समुद्री तट से लगे हुए हैं।

**राज्य**
  - गुजरात
  - महाराष्ट्र
  - गोवा
  - कर्नाटक
  - केरल
  - तमिलनाडु
  - आंध्र प्रदेश
  - उड़ीसा
  - पष्चिम बंगाल

**केन्द्र शासित प्रदेश**
  - लक्षद्वीप
  - अण्डमान निकोबार
  - दमन और दीव
  - पुदुच्चेरी (पांडिचेरी)
- हिमालय को छूने वाले 9 राज्य व 2 केन्द्र शासित प्रदेश हैं ।

**राज्य**
  - हिमाचल प्रदेश
  - उत्तराखण्ड
  - सिक्किम
  - अरुणाचल प्रदेश
  - नागालैंड
  - मणिपुर
  - मिजोरम
  - त्रिपुरा
  - मेघालय
  - असम
  - पश्चिम बंगाल

**केंद्र शासित प्रदेश**
  - जम्मू कश्मीर
  - लेह
- भारत के 8 राज्यों से होकर कर्क रेखा गुजरती है ।

**राज्य**
  - गुजरात
  - राजस्थान
  - मध्य प्रदेश
  - छत्तीसगढ़
  - झारखण्ड
  - पश्चिम बंगाल
  - त्रिपुरा
  - मिजोरम
- भारत का सर्वाधिक नगरीकृत राज्य गोवा है ।
- भारत का सबसे कम नगरीकृत राज्य हिमाचल प्रदेश है।
- भारत का मध्य प्रदेश सबसे अधिक वन वाला राज्य है।
- भारत का हरियाणा सबसे कम वन वाला राज्य है ।
- भारत का मासिनराम (मेघालय) में सबसे अधिक वर्षा होती है ।
- भारत के केन्द्र शासित प्रदेश लेह में सबसे कम वर्षा होती है ।
- अरावली पर्वत सबसे प्राचीन पर्वत श्रृंखला है ।
- हिमालय पर्वत सबसे नवीन पर्वत श्रृंखला है ।

- पाक जलडमरूमध्य और मन्नार की खाड़ी श्रीलंका को भारत से अलग करती है । पाक जलमडरूमध्य को पाक जल संधि के नाम से भी जाना जाता है ।
- मेकमोहन रेखा भारत और तिब्बत के बीच में स्थित है । यह रेखा 1914 में शिमला समझौते में निर्धारित की गयी थी ।
- डूरण्ड रेखा 1893 में सर डूरण्ड द्वारा भारत और अफगानिस्तान के बीच में डूरण्ड रेखा स्थापित की गई थी । परन्तु यह रेखा अब अफगानिस्तान एवं पाकिस्तान के मध्य है ।
- भारत और पाकिस्तान के बीच रेडक्लिफ रेखा है । रेडक्लिफ रेखा का निर्धारण 17 अगस्त, 1947 को सर सिरिल रैडक्लिफ की अध्यक्षता में सीमा आयोग द्वारा किया गया था ।

1. सीमावर्ती सागर –
   - सीमावर्ती सागर **क्षेत्र आधार रेखा से** 12दउ **तक स्थित है ।**
   - **क्षेत्र में भारत का एकाधिकार है ।**
2. संलग्न सागर –
   - संलग्न सागर क्षेत्र आधार रेखा से 24दउ तक स्थित है ।
   - इस क्षेत्र में भारत के पास वित्तीय अधिकार है ।
3. अनन्य आर्थिक क्षेत्र –
   - अनन्य आर्थिक **क्षेत्र आधार रेखा से 200दउ तक स्थित है ।**
   - इस क्षेत्र में भारत के पास आर्थिक अधिकार है तथा यहाँ भारत संसाधनों का दोहन, द्वीप निर्माण तथा अनुसंधान आदि कर सकता है ।
4. उच्च सागर
   - यहाँ सभी देषों का समान अधिकार होता है ।

## सीमावर्ती देश

- **उत्तर-पश्चिम:** अफगानिस्तान और पाकिस्तान
  - भारत-पाकिस्तान सीमा: **रेडक्लिफ रेखा**
  - पाकिस्तान-अफगानिस्तान सीमा: **डूरंड रेखा।**
- **उत्तर**: चीन, भूटान और नेपाल
  - भारत-चीन सीमा: **मैकमोहन रेखा।**
- **पूर्व**: म्यांमार, बांग्लादेश (भारत की बांग्लादेश के साथ सबसे लंबी सीमा है)
- **दक्षिण**: पाक जलडमरूमध्य और मन्नार की खाड़ी के माध्यम से श्री लंका से अलग।

## अंतर्राष्ट्रीय सीमा साझा करने वाले राज्य

- **बांग्लादेश**: कुल सीमा = 4096 किमी
  - **5 राज्य:** पश्चिम बंगाल, मिजोरम, मेघालय, त्रिपुरा और असम
- **चीन**: कुल सीमा = 3488 किमी
  - **3 राज्य** और 1 केंद्र शासित प्रदेश: हिमाचल प्रदेश, उत्तराखंड और सिक्किम और लद्दाख
- **पाकिस्तान** : कुल सीमा = 3323 किमी
  - **4 राज्य** और 1 केंद्र शासित प्रदेश: जम्मू और कश्मीर, पंजाब, गुजरात, राजस्थान और लद्दाख
- **नेपाल**: कुल सीमा = 1751 किमी
  - **5 राज्य**: उत्तर प्रदेश, बिहार, उत्तराखंड, सिक्किम, पश्चिम बंगाल
- **म्यांमार**: कुल सीमा = 1643 किमी
  - **4 राज्य**: अरुणाचल प्रदेश, मणिपुर, मिजोरम और नागालैंड
- **भूटान**: कुल सीमा = 699 किमी
  - **4 राज्य:** अरुणाचल प्रदेश, असम, सिक्किम और पश्चिम बंगाल
- **अफगानिस्तान**: कुल सीमा = 106 किमी
  - **1 केंद्र शासित प्रदेश**: लद्दाख

### भारतीय मानक मध्याह्न रेखा:

- **भारत की मानक रेखा 82°30'E देशांतर** है जो उत्तर प्रदेश के **मिर्जापुर से होकर गुजरती है ।**
- **इस** पर भारत का मानक समय आधारित है जो **ग्रीनविच मानक समय रेखा से 5 घंटे 30 मिनट आगे है ।**
- **कर्क रेखा** - (23°30’N) गुजरात , राजस्थान, मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़, झारखण्ड, पश्चिम बंगाल , मिजोरम, और त्रिपुरा से गुज़रती है ।


Unleash the topper in you

# भारत के भौगोलिक प्रदेश

**भौतिक विशेषताओं के आधार पर भारत को 6 भौगोलिक भागों में बांटा गया है –**

1. उत्तर एवं उत्तरी-पूर्वी पर्वतीय प्रदेश
2. उत्तर का विशाल मैदान
3. तटीय प्रदेश
4. प्रायद्वीपीय पठारी प्रदेश
5. मरुस्थल प्रदेश
6. द्वीप समूह

## उत्तर एवं उत्तरी-पूर्वी पर्वतीय प्रदेश




### हिमालय पर्वत

- हिमालय विश्व की **सर्वाधिक ऊंची** एवं **युवा** (नवीन) **वलित पर्वत** श्रृंखला हैं।
- भूगर्भीय रूप से, हिमालय युवा, अदृढ़ एवं लचीला है क्योंकि इसका **उत्थान** एक **सतत प्रक्रिया** है।
- यह विशेषता इसे **विश्व के सर्वाधिक भूकंप संभावित क्षेत्रों में से एक** बनाती है
- **लम्बाई** :- हिमालय की लम्बाई पूर्व से पश्चिम दिशा में लगभग 2500 किमी है
- **पश्चिमी छोर** :- नंगा पर्वत (सिंधु नदी के सबसे उत्तरी मोड़ के दक्षिण में स्थित है।)
- **पूर्वी छोर**:- नमचा बरवा (यरलुंग, त्संगपो नदी के मोड़ के पश्चिम में स्थित है)
- **चौड़ाई**: 400 किमी -150 किमी (पश्चिम -पूर्व) ।
- हिमालय की **आकृति** चापाकार अथवा **धनुषाकार** है | हिमालय का **क्षेत्रफल** लगभग **5,00,000 वर्ग किमी.** है |
- हिमालय अपने **पूर्वी** छोर एवं **पश्चिमी छोर पर दक्षिणवर्ती मोड़** दर्शाता है |

**भौतिक विशेषताएँ**

- बहुत **ऊंचे**, **खड़ी ढलान** वाली **दांतेदार चोटियाँ**, **घाटियाँ** और वृहद् **हिमनद।**
- **अपरदन** द्वारा कटी हुई **स्थलाकृति** मिलती है ,विशाल नदी घाटियाँ, जटिल भूगर्भिक संरचना और उत्कृष्ट श्रृंखलाएं पाई जाती हैं।
- हिमालय का **बड़ा भाग हिमरेखा के नीचे** आता हैं।
- **पर्वत निर्माण** प्रक्रिया अभी भी **सक्रिय** हैं।
- यह अत्यधिक मात्रा में **क्षरण** और **भूस्खलन** होते है।

**हिमालय पर्वतीय श्रृंखला का विभाजन**

**उत्तर - दक्षिण हिमालय**

1. **ट्रांस - हिमालय**
   - इसका अधिकांश भाग तिब्बत में होने के कारण इसे **तिब्बत हिमालय** भी कहते हैं।
   - ट्रांस हिमालय के अन्तर्गत भारत में **काराकोरम**, **लद्दाख** और **जास्कर** पर्वत श्रेणियाँ **अवस्थित** हैं।
   - **स्थिति** :- महान हिमालय के उत्तर में पाया जाता हैं।
   - हिमालय से बहुत पहले **जुरासिक और क्रेटेशियस काल** के बीच में इसका **उत्थान** हुआ।
   - भौगोलिक रूप से यह **हिमालय का भाग नहीं** हैं।

Toppersnotes
Unleash the topper in you

- **पामीर** से शुरू होता हैं।
- **गॉडविन ऑस्टेन/काराकोरम** (K2) (8,611 m) - विश्व की दूसरी सबसे ऊंची चोटी तथा भारतीय संघ की सबसे ऊंची चोटी काराकोरम श्रृंखला में हैं।
- **लम्बाई** -पूर्व - पश्चिम दिशा में 1000 km का विस्तार।
- औसत **ऊँचाई** -समुद्र तल से 5000m की ऊँचाई पर स्थित।
- औसत **चौड़ाई** - 40km - 225km
- **सियाचिन ग्लेशियर** - विह्स्व की सबसे ऊंची युद्ध भूमि
- **बाल्टारो ग्लेशियर** - काराकोरम श्रृंखला में सबसे बड़ा ग्लेशियर ।
- **काराकोरम दर्रा** -5000m की औसत ऊंचाई पर स्थित; जम्मू कश्मीर के लद्दाख क्षेत्र में हिमालय के कराकोरम श्रेणियों के मध्य स्थित है।
- **मुख्य श्रृंखलाएं**
  - **<u>काराकोरम श्रेणी</u>**
    - भारत में **ट्रांस हिमालय** की **सबसे उत्तरी श्रेणी** हैं।
    - **कृष्णागिरी श्रेणी** भी कहा जाता हैं।
    - पामीर से पूर्व में लगभग **800km तक फैला** हैं।
    - **औसत ऊंचाई** ;- 5 ,500m या इसे अधिक
  - **<u>लद्दाख श्रेणी</u>**
    - **ज़ास्कर** श्रेणी के **उत्तर** में **स्थित** हैं।
    - **उच्चतम बिंदु** -राकापोश - विश्व की सबसे तीव्रतम ढलान वाली चोटी
    - लेह के उत्तर में स्थित।
    - तिब्बत में **कैलाश श्रेणी** में मिल जाती हैं।
    - महत्पूर्ण **दर्रे** - खारदुंगला , और दीगर ला
  - **<u>ज़ास्कर श्रेणी</u>**
    - केंद्र शासित प्रदेश **लद्दाख में** स्थित ।
    - **ज़ास्कर** को **लद्दाख** से **अलग** करती हैं।
    - औसत **ऊंचाई** - लगभग 6 ,000m
    - लद्दाख और जास्कर को मानसून से बचाने के लिए एक **जलवायु बाधा** के रूप में कार्य करता हैं - गर्मियों में गर्म और शुष्क जलवायु।
    - **प्रमुख दर्रे** - मार्बल दर्रा, ज़ोजिला दर्रा|
    - **प्रमुख नदियाँ**- हानले नदी, खुराना नदी, ज़ास्कर नदी, सुरु नदी (सिंधु) और शिंगो नदी ।
  - **<u>कैलाश श्रेणी</u>**
    - लद्दाख शृंखला की **उपशाखा।**
    - सबसे **ऊँची छोटी** - कैलाश पर्वत (6714m)
    - **सिंधु नदी** का **उद्गम** कैलाश श्रेणी के उत्तरी ढलानों से होता हैं।

2. **वृहद हिमालय**
   - इन श्रेणियों को **आंतरिक हिमालय** अथवा **हिमाद्री** भी कहते हैं।
   - इसकी औसत **चौड़ाई** 25Km तथा औसत **ऊँचाई** 6100m है।
   - हिमालय की लगभग सभी **ऊँची चोटियों** जैसे माउंट एवरेस्ट, कंचनजंगा, नंगा पर्वत इसी भाग में स्थित है जिनका निर्माण पूर्ववर्ती नदियों द्वारा किया गया है, अन्यथा हिमालय पर्वतीय प्रणाली में यह **सबसे अधिक नियमित** (continuous) पर्वत श्रेणी है।
   - **विस्तार** - नामचा बरवा पर्वत से नंगा पर्वत (2400km)- दुनिया में सबसे लम्बी पर्वत श्रेणियों में से एक।
   - **नंगा पर्वत** - उत्तर-पश्चिम
   - **नामचा बरवा** - उत्तर-पूर्व।
   - कायांतरित और अवसादी चट्टानों से बने।
   - **अन्तर्भाग**- महास्कंध (Batholith) में मेग्मा (ग्रेनाइटिक मेग्मा) अतिक्रमण करता हैं
   - उच्च संपीडन के कारण **विषम सिलवटें** हैं और उनके **पूर्वी भाग में खंडित चट्टानें** हैं।
   - विश्व की 28 सबसे **ऊँची चोटियों** (> 8000m ) में से **14** यहाँ **स्थित** हैं।
   - **प्रमुख दर्रे-** ज़ोजिला दर्रा (श्रीनगर को लेह से जोड़ता हैं), शिपकी ला, बुर्जिल दर्रा, नाथू ला दर्रा आदि।
   - **प्रमुख हिमनद ;**- रोंगबुक हिमनद, (सबसे बड़ी हिमाद्रि ), गंगोत्री, ज़ेमू आदि।
   - लघु हिमालय से **दून** नामक तलछट से भरी **अनुदैर्ध्य घाटियों** द्वारा अलग।
     - **जैसे** ;- पाटली दून, चौखम्बा दून, देहरादून
3. **मध्य / लघु हिमालय/ हिमाचल हिमालय**
   - दक्षिण में **शिवालिक** और उत्तर में **वृहद हिमालय** के **मध्य** स्थित।
   - अत्यधिक **संकुचित** और **परिवर्तित चट्टानों** से बना हैं।
   - औसत **ऊंचाई** :- 1300-1500 m
   - औसत **चौड़ाई** :- 50 से 80 Km तक
   - **<u>पीर पंजाल श्रेणी</u> -** सबसे लम्बी
     - **झेलम** - ऊपरी ब्यास नदी से शुरू हो कर 300 km से अधिक तक फैली हुई हैं।
     - 5000 m तक ऊंची है और इसमें ज्यादातर **ज्वालामुखी चट्टानें** हैं।
     - **दर्रे**:- पीरपंजाल दर्रा (3,480m), बनिहाल दर्रा (4,270m), गुलाबगढ़ दर्रा (3,812 m) और बनिहाल दर्रा (2,835 m)।
     - **नदी** :- किशनगंगा , झेलम और चेनाब ।
     - **सबसे महत्वपूर्ण श्रेणी -** धौलाधर और महाभारत श्रेणी।

- **कश्मीर** की प्रसिद्ध घाटी , **हिमाचल प्रदेश** में **काँगड़ा** और **कुल्लू** घाटी शामिल हैं।
    - ✓ पहाड़ी क्षेत्रो के लिए जाना जाता हैं।
  - **झेलम** और **चिनाब नदी** द्वारा अपरदन ।
- **धौलाधर श्रेणी**
  - हिमाचल प्रदेश के **पीरपंजाल में विस्तार** - और **रावी नदी** के **द्वारा** इस श्रृंखला को **काटा** जाता हैं।
- **मसूरी श्रेणी**
  - **सतलुज** और **गंगा नदी** को **अलग** करती हैं।
  - दक्षिण ढलान खड़ी और वनस्पति रहित (मिट्टी के निर्माण को रोकता) और उत्तरी ढलान अधिक मंद और जंगल से ढकी हैं।

**4. उप हिमालय / शिवालिक**

- इन श्रेणियों को **बाह्य हिमालय** भी कहते हैं।
- औसत **चौड़ाई**: हिमाचल प्रदेश में 50Km से अरुणाचल प्रदेश में 15Km तक
- औसत **ऊँचाई** - 900m से 1500m
- **महान मैदान** और **लघु हिमालय** के **बीच** स्थित हैं।
- **लम्बाई** -2 400km -पोठोहार /पोठवार पठार से ब्रह्मपुत्र घाटी तक ।
- दक्षिणी ढलान -खड़ी
- उत्तरी ढलान -मंद
- 80-90 किमी (तिस्ता और रैदक नदी की घाटी) को छोड़कर **लगभग अखंड** ।
- **उत्तर** - पूर्वी भारत से लेकर नेपाल तक घने जंगलों से आच्छादित।
- पंजाब और हिमाचल प्रदेश के दक्षिणी ढलान **लगभग जंगल विहीन** हैं।
- **घाटियाँ**- अभिनति और पहाड़ियों - अपनति का हिस्सा हैं।

  **चोस:- पंजाब में शिवालिक पहाड़ियों से जुड़े हुए मैदान ऊपरी भाग में स्थित नदियों का जाल।**

**विभिन्न नाम**

| क्षेत्र | शिवालिक के नाम |
|---|---|
| जम्मू क्षेत्र | जम्मू पहाड़ी |
| डाफला, मिरि, अबोर और मिश्मी पहाड़ी | अरुणाचल प्रदेश |
| ढांग श्रृंखला और डुंडवा श्रृंखला | उत्तराखंड |
| चुरिया घाट पहाड़ी | नेपाल |

**A. पश्चिम-पूर्वी हिमालय (नदी के आधार पर)**

नदी घाटियों के आधार पर सर सिडनी बर्रार्ड द्वारा विभाजित

**(i) कश्मीर/पंजाब/हिमाचल हिमालय**

- **सिंधु** और **सतलुज** नदी के **बीच** स्थित।
- **लम्बाई** ;-560 km
- **चौड़ाई** :-320 km
- **ज़ास्कर** श्रेणी:- उत्तरी सीमा
- **शिवालिक** श्रेणी:- दक्षिणी सीमा
- **कटक** और **घाटी स्थलाकृति** इसकी विशेषता हैं
- प्रमुख गोखुर झील :- वुलर झील , डल झील
- **"वेल ऑफ कश्मीर"** ("Vale of Kashmir") भी कहते हैं।
- गर्मियों में **100cm वर्षा** होती हैं और **सर्दियों में बर्फ़बारी** होती हैं ।
- कश्मीर का एक मात्र **प्रवेश द्वार** - बनिहाल दर्रा - जवाहर सुरंग (भारत की दूसरी सबसे बड़ी सुरंग)
- **प्रमुख दर्रा** :- बुर्जिल दर्रा, ज़ोजिला दर्रा |

**(ii) कुमाऊं हिमालय**

- **सतलुज** और **काली महाखड्ड** (गोर्ज) के **बीच** में स्थित।
- **लम्बाई** -320km
- **प्रमुख पर्वत श्रृंखला** :- नागटिब्बा, धौलाधर, मसूरी, वृहद हिमालय के अन्य भाग।
- **प्रमुख चोटी**-नंदादेवी कामठ, बद्रीनाथ, केदारनाथ,
- **प्रमुख नदिया** - गंगा, यमुना, पिंडारी,
- **विशेषता** -
  - सर्दियों में बर्फ गिरना।
  - शंकुधारी वन -3200m के ऊपर ,देवदार वन -1600 -3200m के बीच में पाए जाते हैं।
  - विवर्तनिक घाटियाँ -कुल्लू, मनाली , और काँगड़ा .
  - भूकंप और भूस्खलन की अधिक संभावना

**(iii) नेपाल / मध्य हिमालय**

- **लम्बाई** - 800km
- पश्चिम में **काली** और पूर्व में **तीस्ता नदी** के **बीच** स्थित हैं।
- महान/वृहद हिमालय की इस भाग में **ऊंचाई सर्वाधिक** होती हैं।
- **प्रमुख चोटिया** - माउंट एवेरेस्ट, कंचनजंगा, मकालू, अन्नपूर्णा, गोसाईनाथ और धौलागिरी ।
- **प्रमुख नदी** - घाघरा , गंडक , कोसी
- **प्रमुख घाटी** - काठमांडू और पोखर झील घाटी ।

> **हिमालय पर्वत की चोटियाँ पश्चिम से पूर्व की ओर हैं।**
> - Mnemonic:-"k2 NDA EVM KAN(can)" K-k2 K-kamet N-Nandadevi D-Dhaulagiri A-Annapurna EV-Everest M-Makalu KA-Kanchanjanga N-Namcha barva (कामेट, नंदादेवी, धौलागिरी, अन्नपूर्णा, एवरेस्ट, मकालू, कंचनजंगा, नामचा बरवा)

**(iv) असम/पूर्वी हिमालय**

- **लम्बाई** -750km
- पश्चिम में **तीस्ता** और पूर्व में **ब्रह्मपुत्र** (दिहांग गोर्ज) के **बीच** स्थित हैं।
- मुख्य रूप से **अरुणाचल प्रदेश** और **भूटान** में स्थित हैं।

- **संकीर्ण अनुदैर्ध्य घाटियाँ** पायी जाती हैं।
- **वर्षा** > 200cms
- **महत्वपूर्ण चोटियाँ -** नामचा बरवा (7756m), कूला कांगरी (7554 m), जोमोल्हारी (7327 m) ।
- **प्रमुख पर्वत -** अक पर्वत, डफला पर्वत, मिरि पर्वत, अबोर पर्वत, मिश्मी पर्वत और नामचा बरवा, पटकाई बूम, मणिपुर पर्वत ब्लू माउंटेन, त्रिपुरा और ब्रेल श्रेणी।
- **प्रमुख दर्रा**
    - बोमडिला, योंग्याप दर्रा, दिफू, पांगसाओ, सेला, दिहांग, देबांग, तुंगा और बोम ला

**(v) अरुणाचल हिमालय**
- **पूर्वी हिमालय** की **पूर्वी सीमा** बनाता है।
- **नामचा बरवा** - अरुणाचल प्रदेश के पूर्व में।
- हिमालय पर्वतमाला **पश्चिम कामेंग जिले** में **भूटान से अरुणाचल प्रदेश** में प्रवेश करती है।
- **विशेषताएं**:
    - ऊँचे कटक और गहरी घाटियाँ
    - **ऊंचाई** - समुद्र तल से 800 मीटर से 7,000 मीटर।
    - भूटान हिमालय के **पूर्व से विस्तारित** - पूर्व में दीफू दर्रा।
- **ब्रह्मपुत्र** जैसी तेज बहने वाली नदियों **द्वारा विच्छेदित** जो नामचा बरवा को पार करने के बाद एक गहरी घाटी से बहती है।
    - **बारहमासी** - देश में उच्चतम पनबिजली क्षमता।
- **प्रमुख जनजातियाँ-** मोनपा, अबोर, मिश्मी, न्याशी और नागा- झूमिंग कृषि करते हैं।

**(vi) पूर्वांचल हिमालय**
- भूगर्भीय रूप से **हिमालय का हिस्सा** माना जाता है
- इसमें **संरचनात्मक अंतर** हैं, इसलिए मुख्य हिमालय पर्वतमाला से अलग हैं।
- **ब्रह्मपुत्र** घाटी के **दक्षिण** में स्थित है।
- **अराकान योमा** पर्वत **निर्माण प्रक्रिया** से **संबंधित** हैं।
- ढीली, खंडित **तलछटी चट्टानें** जैसे शेल, मडस्टोन, बलुआ पत्थर, क्वार्टजाइट पायी जाती हैं|
- हिमालय का **सर्वाधिक खंडित भाग**।
- **नागा भ्रंश रेखा** - भूकंप और भूस्खलन वाला क्षेत्र|
- **वर्षा** - 150-200 सेमी
- **घने जंगल** पाए जाते हैं|
- **ऊंचाई** उत्तर से **दक्षिण की ओर घटती** जाती है।
- निचली पहाड़ियाँ में **झूम खेती** प्रचलित है।

- **प्रमुख पहाड़ियाँ:**

| | |
|---|---|
| **डफला पहाड़ी** | • **स्थिति** : तेजपुर का उत्तरी भाग और उत्तर लखीमपुर<br>• **पश्चिम** में **आका पहाड़ी** और **पूर्व** में **अबोर श्रेणी** से घिरा है। |
| **अबोर पहाड़ी** | • **स्थिति** : भारत के पूर्वोत्तर में अरुणाचल प्रदेश का क्षेत्र, चीन सीमा के पास<br>• **मिश्मी** पहाड़ी और **मिरी** पहाड़ी से घिरा।<br>• ब्रह्मपुत्र की एक सहायक **नदी दिबांग** नदी द्वारा अपवाहित। |
| **मिश्मी पहाड़ी** | • **स्थिति**: वृहत हिमालय पर्वतमाला का दक्षिणी विस्तार।<br>• उत्तरी और पूर्वी हिस्से **चीन से सीमा बनाते** हैं। |
| **पटकाई बूम पहाड़ी** | • **स्थिति** : भारत की पूर्वोत्तर सीमा (अरुणाचल प्रदेश और म्यांमार के बीच) में पाया जाता हैं|<br>• ताई-अहोम भाषा में -"पटकाई" का अर्थ - "चिकन काटने के लिए"<br>• उन्हीं **विवर्तनिक प्रक्रियाओं से उत्पन्न** हुआ जिसके परिणामस्वरूप मेसोज़ोइक में हिमालय का निर्माण हुआ।<br>• **शंक्वाकार चोटियाँ**, खड़ी ढलान और गहरी घाटियाँ हैं<br>• हिमालय की तरह **उबड़-खाबड़ नहीं** हैं|<br>• पूरा क्षेत्र **बलुआ पत्थरों** से और **जंगलों से घिरा** हुआ है। |
| **नागा पहाड़ी** | • **स्थिति** : म्यांमार में विस्तार; भारत और म्यांमार के बीच विभाजन बनाता है।<br>• **सबसे ऊँची चोटी** - सारामाती।<br>• **भारी मानसूनी वर्षा** और घने जंगल |
| **मणिपुर पहाड़ी** | • **स्थिति** : नागालैंड के उत्तर में, मिजोरम के दक्षिण में, पूर्व में ऊपरी म्यांमार और पश्चिम में असम।<br>• **मणिपुर** और **म्यांमार** के बीच में **सीमा** बनाती हैं|<br>• **लोकटक झील -** विश्व का एकमात्र तैरता हुआ राष्ट्रीय उद्यान है।<br>• यहां **केबुल-लामजाओ राष्ट्रीय उद्यान** स्थित है। |
| **मिज़ो पहाड़ी** | • **स्थिति** - दक्षिण-पूर्वी मिजोरम राज्य।<br>• पूर्व में **लुशाई पर्वत के नाम से** जाना जाता था<br>• **सबसे ऊँचा भाग**- नीला पर्वत।<br>• **उत्तरी अराकान योमा प्रणाली** का हिस्सा। |

| | |
|---|---|
| | • **मोलासेस बेसिन** के नाम से भी जाना जाता है - नरम गैर-समेकित निक्षेपो से बना है।<br>• **झूम कृषि** और कुछ जगह **वेदिका कृषि** की जाती हैं। |
| **त्रिपुरा पहाड़ी** | • यह **उत्तर-दक्षिण समानांतर वलयित पहाड़ियों** की श्रृंखला है, जिनकी ऊंचाई दक्षिण की ओर घटती जाती है।<br>• **गंगा-ब्रह्मपुत्र तराई (**उर्फ पूर्वी मैदान) में विलय हो जाती हैं। |
| **मिकिर पहाड़ी** | • **स्थिति** - काजीरंगा राष्ट्रीय उद्यान, असम के दक्षिण में।<br>• **कार्बी-मेघालय पठार** का हिस्सा।<br>• **मिकिर पहाड़ी-** असम की सबसे पुरानी भू-आकृति।<br>• **अरीय अपवाह प्रणाली**<br>• **प्रमुख नदियाँ**- धनसिरी और जमुना<br>• **सबसे ऊँची चोटी -** दाम्बुचको/ डंबुचको |
| **गारो पहाड़ी** | • **स्थिति** : मेघालय राज्य।<br>• **सबसे ऊँची चोटी**: नोकरेक चोटी। |
| **खासी पहाड़ी** | • मेघालय में **गारो-खासी श्रेणी** का हिस्सा।<br>• **चेरापूंजी** - पूर्वी खासी पहाड़ी<br>• **सबसे ऊँची चोटी**: लुम शिलॉन्ग |
| **जयंतिया पहाड़ी** | • **स्थिति** : खासी पहाड़ियों से पूर्व की ओर |
| **बरेल पहाड़ी** | • **स्थिति** : उत्तरी कछार पहाड़ी ।<br>• पटकाई श्रेणी का **दक्षिण-पश्चिमी विस्तार**<br>• **दक्षिणी नागालैंड** और **उत्तरी मणिपुर** के कुछ हिस्सों से मेघालय के जयंतिया हिल तक दक्षिण-पश्चिम दिशा में चलती है। |
| **अंडमान और निकोबार द्वीप** समूह **पूर्वी हिमालय** का **विस्तार** है। | |

**भारत के प्रमुख हिमनद:**

| **हिमनद** | **स्थान** | **लंबाई** |
|---|---|---|
| **सियाचिन** | काराकोरम | 75 किमी |
| **सासायनी** | काराकोरम | 68 किमी |
| **हिस्पर** | काराकोरम | 61 किमी |
| **बियाफो/ बिआफ़ो** | काराकोरम | 60 किमी |
| **बाल्तोरो** | काराकोरम | 58 किमी |
| **चोगो लुंग्मा** | काराकोरम | 50 किमी |
| **ख़ुर्दाप्लो** | काराकोरम | 47 किमी |
| **रीमो** | कश्मीर | 40 किमी |
| **पुनमाह** | कश्मीर | 27 किमी |
| **गंगोत्री** | उत्तराखंड | 26 किमी |
| **ज़ेमू/ ज़ीमू** | सिक्किम/नेपाल | 25 किमी |
| **रुपाल** | कश्मीर | 16 किमी |
| **दमीर** | कश्मीर | 11 किमी |

## हिमालय के महत्वपूर्ण दर्रे

**जम्मू-कश्मीर और लद्दाख के दर्रे:**

| | |
|---|---|
| **बनिहाल दर्रा (जवाहर सुरंग)** | • जम्मू और कश्मीर में एक **लोकप्रिय** दर्रा।<br>• **पीर-पंजाल श्रेणी** में स्थित है।<br>• **बनिहाल को काजीगुंड से जोड़ता** है। |
| **जोजीला** | • श्रीनगर को **कारगिल और लेह से जोड़ता** है।<br>• **सीमा सड़क संगठन**- विशेष रूप से सर्दियों के दौरान सड़क को साफ और रखरखाव करता है। |
| **बुर्जिल दर्रा** | • श्रीनगर- **किशन गंगा घाटी** |
| **पेन्सी ला** | • **कश्मीर** की घाटी को लद्दाख के **देवसाई मैदानों से जोड़ता** है।<br>• कश्मीर घाटी को **कारगिल से जोड़ता** है।<br>• **वृहद हिमालय** में स्थित है। |
| **पीर-पंजाल दर्रा** | • जम्मू से श्रीनगर का **पारंपरिक दर्रा।**<br>• **बंटवारे के बाद बंद** कर दिया गया हैं।<br>• जम्मू से कश्मीर घाटी के लिए **सबसे छोटा सड़क मार्ग** |
| **काराताघ दर्रा** | • **काराकोरम पर्वत** में स्थित है।<br>• **प्राचीन रेशम मार्ग** का सहायक मार्ग। |
| **खारदुंग दर्रा** | • देश में **सबसे ऊंचा मोटर वाहन चलने लायक दर्रा**(5602 मीटर)।<br>• **लेह और सियाचिन ग्लेशियरों को जोड़ता** है।<br>• **सर्दियों के दौरान बंद** रहता हैं। |
| **थांग ला** | • **लद्दाख को तिब्बत से जोड़ता** है।<br>• भारत में **दूसरा सबसे ऊंचा मोटर वाहन चलने योग्य प**र्वत दर्रा। |
| **अघिल दर्रा** | • काराकोरम में **माउंट गॉडविन-ऑस्टेन** के उत्तर में स्थित।<br>• **लद्दाख** को **चीन** के झिंजियांग प्रांत से जोड़ता है। |
| **चांग-ला** | • **लद्दाख** को **तिब्बत** से जोड़ता है। |
| **लानक ला** | • लद्दाख क्षेत्र में **अक्साई चिन।** |

| | |
|---|---|
| | • **लद्दाख** और **ल्हासा** को जोड़ता है। <br>• चीनी अधिकारियों ने शिनजियांग को तिब्बत से जोड़ने के लिए एक सड़क का निर्माण किया है। |
| **ख़ुंजराब दर्रा** | • कश्मीर और चीन <br>• **भारत-चीन सीमा** पर स्थित | |
| **इमिस ला** | • लद्दाख <br>• कठिन भौगोलिक भूभाग और खड़ी ढलान। <br>• **सर्दी** के मौसम **में बंद** रहता है। |
| **परपीक ला** | • **कश्मीर और चीन** <br>• **मिंटका** के पूर्व में भारत-चीन सीमा पर गुजरता है| |
| **मिंटका दर्रा** | • कश्मीर और चीन <br>• **भारत-चीन और अफगानिस्तान** सीमा का त्रि- संयोजन |

" MP Khake is Pir for The Queen of Kashmir.
MP: Mintaka Pass and Parpik Pass (मिंटाका दर्रा और पारपिक दर्रा)
- Khunjer: Khunjerab Pass (खुंजेराब दर्रा)
- Ke: Khardung La (खारदुंग ला)
- Pir: Pir-Panjal Pass (पीर-पंजाल दर्रा)
- The: Thang La (थांग ला)
- Queen: Qara Tag La (कारा टैग ला) "

**हिमाचल प्रदेश के दर्रे**

| | |
|---|---|
| **शिपकला दर्रा / शिपकी ला** | • **सतलुज महाखड्ड** से होकर गुजरता है। <br>• **हिमाचल प्रदेश** को **तिब्बत** से जोड़ता है। <br>• चीन के साथ व्यापार के लिए भारत की तीसरी सीमा चौकी (लिपु लेख और नाथुला दर्रा) |
| **बारा लाचा दर्रा** | • हिमाचल प्रदेश- लेह-लद्दाख <br>• **जम्मू और कश्मीर में राष्ट्रीय राजमार्ग** पर स्थित है। <br>• **मनाली और लेह** को जोड़ता है। |
| **देब्सा दर्रा** | • **स्पीति और पार्वती घाटी** को जोड़ता है। <br>• हिमाचल प्रदेश के **कुल्लू और स्पीति के बीच** में स्थित | <br>• पिन-पार्वती दर्रे का **उपमार्ग** |
| **रोहतांग दर्रा** | • उच्च सड़क परिवहन <br>• **कुल्लू, स्पीति और लाहौल** को जोड़ता है। |

" **Himachal me Rohit Shilpi ko Barana De.**
- Rohit: Rohtang Pass (रोहतांग दर्रा)
- Shilpi: Shipki La (शिपकी ला)
- Barana: Bara Lacha Pass (बारा लाचा दर्रा)
- De: Debsa Pass (देबसा दर्रा) "

**उत्तराखंड के दर्रे**

| | |
|---|---|
| **लिपुलेख** | • **उत्तराखंड** को **तिब्बत** से जोड़ता है। <br>• चीन के साथ **व्यापार के लिए महत्वपूर्ण** सीमा चौकी। <br>• **कैलाश-मानसरोवर के तीर्थयात्री** इसी दर्रे से यात्रा करते हैं। |
| **माना दर्रा** | • **वृहद हिमालय** में स्थित है। <br>• **तिब्बत को उत्तराखंड** से जोड़ता है। <br>• सर्दियों के दौरान **छह महीने तक बर्फ के निचे** ढका रहता है। |
| **मंगशा धुरा दर्रा** | • **उत्तराखंड-तिब्बत** को जोड़ता है। <br>• **भूस्खलन** के लिए जाना जाता है। <br>• **मानसरोवर के तीर्थयात्री** इस मार्ग को पार करते हैं। |
| **मुलिंग ला** | • मौसमी दर्रा <br>• **उत्तराखंड को तिब्बत** से जोड़ता है <br>• सर्दी के मौसम में **बर्फ से ढका** रहता हैं। |
| **नीतिदर्रा** | • **उत्तराखंड-तिब्बत** को जोड़ता है। <br>• सर्दी के मौसम में **बर्फ से ढका** रहता हैं। |
| **ट्रेल दर्रा** | • **पिंडारी ग्लेशियर** के अंत में स्थित है। <br>• पिंडारी घाटी को मिलम घाटी से जोड़ता है। <br>• खड़ी और ऊबड़-खाबड़ ढाल। |

" **Niti Uttar de aur Le Man Mangi Murad**
- Niti: Niti Pass (नीति पास)
- Uttar: Uttrakhand (उत्तराखंड)
- Le: Lipu Lekh (लिपु लेख)
- Man: Mana Pass (मन पास)
- Mangi: Mangsha Dhura (मंगशा धुरा)
- Murad: Muling La (मुलिंग ला) "

**सिक्किम के दर्रे**

| | |
|---|---|
| **नाथू ला दर्रा** | • **भारत-चीन सीमा** पर स्थित है। <br>• **प्राचीन रेशम मार्ग** की एक शाखा का हिस्सा है। <br>• **भारत** और **चीन** के बीच **व्यापारिक सीमा** चौकियों में से एक। |
| **जेलेप ला दर्रा** | • **चुम्बी घाटी** से होकर गुजरती है <br>• **सिक्किम** को तिब्बत की राजधानी **ल्हासा से जोड़ता** है। |

> **Sikkim ki Jail me Nathuram**
> - **Jail: Jelep La (जेलेप ला)**
> - **Nathuram: Nathu La (नाथू ला)**

**अरुणाचल प्रदेश के दर्रे**

| | |
|---|---|
| **बोमडिला** | • **अरुणाचल प्रदेश**-तिब्बत की राजधानी **ल्हासा** को जोड़ता है।<br>• **भूटान** के **पूर्व** में स्थित है। |
| **दिहांग दर्रा** | • अरुणाचल प्रदेश के पूर्वोत्तर में स्थित है।<br>• **अरुणाचल प्रदेश** को **म्यांमार** (मांडले) से जोड़ता है\| |
| **दीफू दर्रा** | • म्यांमार के लिए एक **आसान और वैकल्पिक मार्ग।**<br>• **परिवहन और व्यापार** के लिए **साल भर खुला** रहता है। |
| **लेखपानी** | • परिवहन और व्यापार के लिए साल भर खुला रहता है।<br>• **अरुणाचल प्रदेश** को **म्यांमार** से जोड़ता है। |
| **पंगसौ दर्रा** | • **अरुणाचल प्रदेश** को **म्यांमार** से जोड़ता है। |
| **यांग्याप दर्रा** | • **तिब्बत** और **अरुणाचल प्रदेश** को जोड़ता है। |
| **कुमजाँग दर्रा** | • **अरुणाचल प्रदेश** और **म्यांमार** को जोड़ता है। |
| **हपुंगन दर्रा** | • **अरुणाचल प्रदेश** और **म्यांमार** को जोड़ता है। |
| **चाणकण दर्रा** | • **अरुणाचल प्रदेश** और **म्यांमार** को जोड़ता है। |

> **Arun ne Dipawali ke Din Kum Bomb ChalaYe**
> - **Arun: Arunachal Pradesh (अरुणाचल प्रदेश)**
> - **Dipawali: Dipher Pass (डिफ़र दर्रा)**
> - **Din: Dihang Pass (दिहांग दर्रा)**
> - **Kum: Kumjawng Pass (कुमजाँग दर्रा)**
> - **Bomb: Bom Di La (बॉम डि ला)**
> - **Chala: Chankan Pass (चानकन दर्रा)**
> - **Ye: Yangayap Pass (यांगयाप दर्रा)**

## 1. उत्तर का विशाल मैदान

- **सिंधु**, गंगा, ब्रह्मपुत्र और उनकी सहायक नदियों के **जलोढ़ निक्षेपों द्वारा निर्मित क्रमिक मैदान।**
  - पश्चिम से पूर्व की ओर लगभग **2400 किमी तक फैला** है।
- **चौड़ाई-** असम में 90-100 किमी , राजमहल (झारखंड) के पास 160 किमी, बिहार में 200 किमी, इलाहाबाद के पास 280 किमी और पंजाब में 500 किमी।
  - पूर्व से पश्चिम की ओर बढ़ता है।
- हिमालय और प्रायद्वीपीय क्षेत्र की नदियों द्वारा लाए गए **जलोढ़ निक्षेप** मुख्य रूप से शामिल हैं।
- **अधिकतम गहराई**> 8000 मीटर - अंबाला, यमुनानगर और जगाधरी (हरियाणा)।
- दक्षिण-पश्चिम में **थार मरुस्थल** तक विस्तार ।
- **दिल्ली कटक** (278 मीटर) का एक निचला जलविभाजन + **यमुना नदी सतलुज के मैदानों** (सिंधु मैदान का एक हिस्सा) को **गंगा** के **मैदानों से अलग** करते है।

## विशाल मैदानों के विभाजन

भारत के उत्तरी मैदानों को उत्तर से दक्षिण की ओर **निम्नलिखित भागों में विभाजित** किया जा सकता है:

**(i) <u>भाबर</u>**

- सिंधु से तिस्ता तक **उल्लेखनीय निरंतरता** के साथ शिवालिक के दक्षिण में ।
- बजरी और मिश्रित तलछट से युक्त **8-16 किमी चौड़ी पट्टी का निर्माण** करता हैं।
- ढलान के अचानक ख़त्म होने के कारण हिमालयी नदियों द्वारा यह अवसाद **अग्रभूमि क्षेत्र में जमा** कर दिया गया।
- हिमालय की नदियाँ अवसाद को **जलोढ़ पंख के रूप में तलहटी में जमा** करती हैं।
- सबसे अनूठी विशेषता - **छिद्रिलता** (porosity)।
  - जलोढ़ पंख में भारी संख्या में **कंकड़ और चट्टान के मलबे** के जमाव के कारण **बंजर या झरझर मैदान** का निर्माण होता हैं ।
  - **कृषि** के लिए **उपयुक्त नहीं** हैं ।

**(ii) <u>तराई</u>**

- भाबर के दक्षिण में **10-20 किमी चौड़ा दलदली क्षेत्र** - समानांतर फैला हुआ है।
- विशाल मैदानों के पूर्वी भागों में **ब्रह्मपुत्र घाटी** में भारी वर्षा के कारण **व्यापक** |
- भाबर क्षेत्र की **भूमिगत धाराओं का पुनः उदय** होता है|
- अधिकांश **तराई भूमि** (विशेष रूप से पंजाब, उत्तर प्रदेश और उत्तराखंड में) को पुनः प्राप्त कर लिया गया है और समय के साथ **कृषि भूमि में बदल** दिया गया है।
- **उच्च वर्षा** होती है और इसमें **अत्यधिक आर्द्रता** होती है।
- **भूमिगत धाराएँ** हैं → भूमि दलदली होती हैं |
- गेहूं, मक्का, चावल, चावल, गन्ना, आदि के लिए **उपयुक्त।**

**(iii) <u>खादर</u>**

- कई नदियों के बाढ़ के जलोड़ मैदानों की **नवीन जलोढ़क**।
- (पंजाब में) **बेट भूमि** भी कहा जाता हैं ।
- नदी के किनारे **नए जलोढ़ निक्षेप** पाए जाते हैं।

- **जलोढ़** - हल्के रंग का और निम्न कैल्शियमयुक्त पदार्थ जिसमे रेत, गाद, चीका और मिट्टी के निक्षेप पाए जाते हैं।
    - प्रत्येक वर्ष **नदी बाढ़ द्वारा जमा** किया जाता हैं।
    - गंगा के मैदान में **सबसे उपजाऊ मिट्टी** पायी जाती हैं।
    - इस भाग में **नदियाँ गुम्फित** होती है।
- **व्यापक खेती** के लिए उपयुक्त।
- पंजाब-हरियाणा के मैदानी इलाकों में नदियों में खादर के व्यापक जलोढ़ मैदान हैं, जिन्हें **ध्यास** के नाम से जाना जाता है।

**(iv) <u>बांगर या भांगर मैदान</u>**

- पुरानी जलोढ़ के निक्षेपण द्वारा निर्मित **जलोढ़ उच्च भूमि** (अपलैंड) हैं।
- मैदानी इलाकों की **बाढ़-सीमा से ऊपर** स्थित है।
- **मुख्य घटक**: चिकनी मिट्टी।
- **ह्यूमस में समृद्ध** - उच्च उपज।
- **कैल्शियम कार्बोनेट नोड्यूल** होते हैं जिन्हें **'कंकर'** के रूप में जाना जाता है - अशुद्ध और दोआब में पाया जाता है।
- **क्षेत्रीय विविधताएं:**
    - **बरिंद का मैदान**- बंगाल का डेल्टा क्षेत्र
    - **भूड/ भूर संरचनाएं** - मध्य गंगा और यमुना दोआब।
    - **'रेह', 'कोल्लर' या 'भूर'** - सुखा क्षेत्र- खारे और क्षारीय प्रवाह के छोटे पथ होते हैं।
        - सिंचाई के विस्तार (केशिका क्रिया - सतह पर लवण का आना) के कारण फैल गया है।

## विशाल मैदानों का क्षेत्रीय वर्गीकरण:

**(i) <u>सिंध का मैदान</u>**

- **पाकिस्तान** में स्थित हैं |
- मुख्य रूप से **भांगर के मैदानों से निर्मित** है।
- ढोर: लंबी संकरी गड्ढों - पूर्व नदियों के मार्ग के अवशेष।
- **ढांड**: कुछ ढोरों पर क्षारीय झीलें।

**(a) <u>राजस्थान के मैदान</u>**

- **थार रेगिस्तान** का क्षेत्र।
- एक **तरंगित मैदान** (औसत ऊंचाई - समुद्र तल से 325 मीटर ऊपर)।
- **मरुस्थली** के नाम से जाना जाने वाला मरुस्थलीय क्षेत्र; **मारवाड़ के मैदान का एक बड़ा** हिस्सा बनाता है।
- **नाईस, शिस्ट** और **ग्रेनाइट** के कुछ अंश पाए जाते हैं
    - प्रमाणित करता है कि यह भूगर्भीय रूप से **प्रायद्वीपीय पठार का हिस्सा है।**
- **पूर्वी भाग चट्टानी** है जबकि पश्चिमी भाग में स्थानांतरित होने वाले रेत के टीले पाए जाते हैं।
- अरावली श्रृंखला तक थार मरुस्थल का पूर्वी भाग - **राजस्थान बांगर- अर्ध-शुष्क** मैदान।
- अरावली से निकलने वाली **कई छोटी मौसमी धाराओं** द्वारा **शुष्क और उपजाऊ इलाकों** के कुछ हिस्सों में कृषि का कार्य होता हैं।
- **लूनी** - एक महत्वपूर्ण मौसमी धारा जो कच्छ के रण में बहती है।
- लूनी के उत्तर भूभाग में - **थली** या रेतीला मैदान स्थित हैं।

**(b) <u>पंजाब का मैदान</u>**

- उत्तरी मैदान का पश्चिमी भाग बनाते हैं।
- मुख्य रूप से पाकिस्तान में।
- कई दोआबों में विभाजित (do- "दो" + ab- "पानी या नदी" = "एक क्षेत्र या भूमि के बीच और दो नदियों के संगम तक")।
- सिंधु प्रणाली की 5 महत्वपूर्ण नदियों द्वारा निर्मित।
- इसका शाब्दिक अर्थ है "(पांच जल की भूमि" जिसका अर्थ है: झेलम, चिनाब, रावी, सतलुज और व्यास ।
- कुल क्षेत्रफल - 1.75 लाख वर्ग किमी।
- औसत ऊंचाई - समुद्र तल से 250 मीटर ऊपर।
- पूर्वी सीमा - दिल्ली-अरावली कटक / रिज।
- उत्तरी भाग [शिवालिक पहाड़ियाँ] का चोस (chos) नामक कई धाराओं द्वारा गहन रूप से कटाव हुआ है
- सतलुज नदी के दक्षिण में - पंजाब का मालवा मैदान।
- घग्गर और यमुना नदियों के बीच का क्षेत्र - 'हरियाणा ट्रैक्ट'।
    - यमुना और सतलुज नदियों के बीच जल-विभाजन के रूप में कार्य करता है।

| | |
|---|---|
| सिंध सागर दोआब | सिंधु और झेलम नदियों के मध्य |
| जेच/चाज दोआब | झेलम और चिनाब नदियों के मध्य |
| रचना दोआब | चिनाब और रावी नदियों के मध्य |
| बारी दोआब | रावी और व्यास नदियों के मध्य |
| बिस्ट दोआब | व्यास और सतलुज नदियों के मध्य |

**(ii) <u>गंगा का मैदान</u>**

- पश्चिम में यमुना नदी से बांग्लादेश की पश्चिमी सीमाओं (~ 1,400 किमी) तक फैला हुआ है।
- औसत चौड़ाई - 300 किमी।
- अधिकतम ऊँचाई - सहारनपुर (276 मी) - सागर द्वीप समूह (3 मी) की ओर घटती है।

- भारत के महान मैदान की सबसे बड़ी इकाई - दिल्ली से कोलकाता (लगभग 3.75 लाख वर्ग किमी) तक।
- प्रमुख हिमालय नदी- गंगा।
- प्रायद्वीपीय नदियाँ - चंबल, बेतवा, केन, सोन, आदि (गंगा नदी प्रणाली में शामिल - इस मैदान के निर्माण में योगदान)।
- ढाल - पूर्व और दक्षिण पूर्व।
- नदियाँ गंगा के निचले हिस्सों में धीमी गति से बहती हैं, जिसके परिणामस्वरूप तटबंध,रेत के डिब्बे (bluffs), गोखुर झील, दलदल, कन्दराएँ आदि बनते हैं।
- नदियाँ अपना मार्ग बदलती रहती हैं। इसलिए इस क्षेत्र में बार-बार बाढ़ आने की संभावना बनती रहती हैं।
- कोसी नदी- 'बिहार का शोक' कहा जाता हैं |

**(iii) <u>ब्रह्मपुत्र/असम का मैदान</u>**


- क्षेत्रफल- 56,274 वर्ग किमी
- विशाल मैदान का सबसे पूर्वी भाग
- ब्रह्मपुत्र और उसकी सहायक नदियों द्वारा निर्मित उच्चयन/ अधिवृद्धि मैदान।
- सदिया (पूर्व में) से धुबरी (पश्चिम में बांग्लादेश सीमा के पास) तक फैला हुआ है।
- माजुली (क्षेत्रफल 929 वर्ग किमी)- विश्व का सबसे बड़ा नदी द्वीप।
- विस्तृत दलदली क्षेत्र → तराई या अर्ध-तराई क्षेत्र का निर्माण।

## 2. तटीय प्रदेश

- क्षेत्र- 7516.6 किमी (मुख्यभूमि तटरेखा 6100 किमी और द्वीप तटरेखा 1197 किमी)।
- राज्य- गुजरात, महाराष्ट्र, गोवा, कर्नाटक, केरल, तमिलनाडु, आंध्र प्रदेश, ओडिशा, पश्चिम बंगाल और केंद्र शासित प्रदेश - दमन और दीव और पुडुचेरी।
- भारत में तटीय मैदान 2 प्रकार के होते हैं:

### 1. पूर्वी तट

- स्थान: बंगाल की खाड़ी और पूर्वी घाट के बीच में पाया जाता हैं।
- चौड़ाई: 100 - 130 किमी
- गंगा डेल्टा से कन्याकुमारी तक विस्तार ।
- गोदावरी, महानदी, कावेरी और कृष्ण के सुविकसित डेल्टाओं द्वारा चिह्नित।
- महत्वपूर्ण भौगोलिक विशेषताएं - चिल्का झील और पुलिकट झील (लैगून) पायी जाती हैं |
- विशाल और सूखा क्षेत्र → जिसके परिणामस्वरूप स्थानांतरित रेत के टीले पाए जाते हैं।
- कृषि के लिए बहुत उपजाऊ।
    - कृष्णा नदी का डेल्टा - दक्षिण भारत का अन्न भंडार।
- **प्रकृति में उद्गामी**
    - महाद्वीपीय शेल्फ समुद्र में 500 किमी तक विस्तारित है, जिससे बंदरगाहों का विकास मुश्किल हो जाता है।




**विभाजन**

| | |
|---|---|
| उत्कल तट | • चिल्का और कोल्लेरू झील के बीच में विस्तार<br>• पश्चिमी तटीय मैदानों की तुलना में बहुत व्यापक है।<br>• तीव्र वर्षा। |
| | • चक्रवातों के प्रति संवेदनशील।<br>• प्रमुख फसलें: चावल, नारियल और केला |
| उत्तरी सरकार | • महानदी, गोदावरी, और कृष्णा नदियों के बीच स्थित उत्तरी भाग |
| आंध्र तट | • कोल्लेरू और पुलिकट झील के मध्य। |

Toppersnotes Unleash the topper in you

| | |
|---|---|
| | • कृष्णा और गोदावरी नदियों के लिए एक बेसिन क्षेत्र बनाता है |
| कोरोमंडल तट या पायन घाट | • तमिलनाडु में पुलिकट झील और कन्याकुमारी के मध्य।<br>• गर्मी में शुष्क रहता है।<br>• शीतकाल में वर्षा प्राप्त करता है। |
| गोलकुंडा तट | • गोदावरी और कृष्णा नदी के बीच स्थित। |

## 2. पश्चिमी तट

- उत्तर में **खंभात की खाड़ी से केप कोमोरिन** (कन्याकुमारी) तक विस्तार ।
- उत्तर से दक्षिण तक **1600 किमी तक** फैला हुआ है
- **चौड़ाई-** 10 से 25 किमी.
  - बॉम्बे तट पर चौड़ाई सबसे अधिक ।
    - तेल से भरपूर।
- **सीधी तटरेखा।**
- 6 महीने की अवधि में **दक्षिण-पश्चिम मानसूनी हवाओं से प्रभावित।**
  - इस प्रकार उनके पूर्वी समकक्ष की तुलना में अधिक नम।
- पूर्वी तट की तुलना में **अधिक दांतेदार।**
  - **बंदरगाहों** के विकास के लिए **प्राकृतिक परिस्थितियाँ** प्रदान करता है।
  - **उदा.-** कांडला, मझगांव, जेएलएन (जवाहरलाल नेहरू बंदरगाह) या न्हावा शेवा, मरमागाओ, मैंगलोर, कोचीन, आदि।
- बड़ी संख्या में **कंदराएं** (एक बहुत छोटी खाड़ी), **क्रीक** और कुछ **ज्वारनदमुख** इसकी विशेषता हैं।
  - **उदा.** नर्मदा और तापी के मुहाने।
- नदियाँ कोई **डेल्टा नहीं** बनाती हैं।
  - इसके बजाय झरनों की एक श्रृंखला बनती हैं।
- कयाल - अप्रवाही जल या उथले लैगून ; समुद्र तट के समानांतर स्थित हैं।
  - मछली पकड़ने, अंतर्देशीय नेविगेशन और पर्यटन के लिए उपयोग किया जाता है।
  - सबसे बड़ी - वेम्बनाड झील।
- जलमग्न तट।

**4 विभाजन**

| | |
|---|---|
| **कच्छ और काठियावाड़ तट** | • प्रायद्वीपीय पठार का विस्तार<br>o लेकिन **पश्चिमी तटीय मैदानों का हिस्सा** माना जाता है क्योंकि अब ये अपरदित हो गये हैं।<br>• **कच्छ का निर्माण** सिंधु द्वारा गाद के निक्षेपण से हुआ है<br>o मानसून के दौरान उथले पानी से भर जाता हैं<br>o महान कच्छ का रण(उत्तर) और लहू रण (पूर्व) में विभाजित<br>• **काठियावाड़- कच्छ के दक्षिण में।** |
| **कोंकण तट** | • दमन (उत्तर) से गोवा (दक्षिण) के मध्य स्थित।<br>• चावल और काजू- **महत्वपूर्ण फसलें।** |
| **कन्नड़ तट** | • मर्मगाओ और मैंगलोर के बीच।<br>• **लोहे के भंडार** से भरपूर। |
| **मालाबार तट** | • **मैंगलोर से कन्याकुमारी** के बीच।<br>• अपेक्षाकृत **व्यापक।**<br>• दक्षिणी केरल में तट के समानांतर चलने वाले लैगून से मिलकर बना हैं। |

## 3. भारतीय मरुस्थलीय प्रदेश

थार नाम 'थुल' से लिया गया है जो कि इस क्षेत्र में रेत की लकीरों के लिये प्रयुक्त होने वाला एक सामान्य शब्द है।

- इसे महान **भारतीय मरुस्थल/ ग्रेट इंडियन डेजर्ट** भी कहा जाता हैं |
- थार मरुस्थल का लगभग **85%भारत** में पाया जाता हैं।
- शेष भाग **पाकिस्तान** में पाया जाता हैं |
- भारत के कुल **भौगोलिक क्षेत्र का 4.56%** हैं |
- **भौगोलिक विशेषताएं:**
  - **स्थान: आंशिक** रूप से राजस्थान में और पंजाब और सिंध में पाया जाता हैं |
  - **क्षेत्रफल:>** 2,00,000 वर्ग किमी।
  - **वर्षा** <150 मिमी प्रति वर्ष- कम वनस्पति आवरण के साथ शुष्क जलवायु पायी जाती हैं।
  - **भारत और पाकिस्तान** की सीमा के साथ एक प्राकृतिक सीमा बनाती है।
  - अत्यंतनूतन/ **प्लाइस्टोसिन युग में अस्तित्व** में आया।
  - मरुस्थल की अंतर्निहित शैल संरचना - प्रायद्वीपीय पठार का विस्तार।
  - **प्रमुख रेगिस्तानी भूमि की विशेषताएं -** छत्रक शैल, स्थानांतरित टीले और नखलिस्तान (ज्यादातर इसके दक्षिणी भाग में)पाये जाते हैं।
  - इसे **मरुस्तली/मरुस्थली** (मृत भूमि) और बागड़ प्रदेश भी कहा जाता हैं |
  - वातोढ़ पवन निक्षेपों /ऐओलियन पवन निक्षेप का मिश्रण पाया जाता हैं |
  - शुष्क जलवायु और जलोढ़ निक्षेप पाए जाते हैं |
  - **2 भाग** में विभाजित -
    - **उत्तरी भाग -** सिंध की ओर ढाल
    - **दक्षिणी भाग -** कच्छ के रण की ओर ढाल
  - इस क्षेत्र की अधिकांश **नदियाँ अल्पकालिक** हैं।

- टीलों की ऊंचाई -150 मी हैं।
- रूपांतरित चट्टानें (कायांतरित)
- अरावली से **लघु मौसमी जलधाराओं का निर्माण** होता हैं।
- इसके दक्षिणी भाग में **नखलिस्तान** (विस्तृत मरुस्थल के बीच में स्थित किसी जलाशय के चारों ओर का हरा-भरा क्षेत्र जो वनस्पतिविहीन रेगिस्तानी भूमि पर जल की उपस्थिति के कारण ही संभव हो पाता है।) पाये जाते हैं।
- रेतीले मैदानों और निचली बंजर पहाड़ियों, या भाकरों द्वारा अलग किए गए ऊंचे और निचले टीले पाए जाते हैं जो आसपास के मैदानों से ऊँचे होते हैं।

- **जलवायु**
  - **उपोष्णकटिबंधीय रेगिस्तानी जलवायु -** लगातार उच्च दबाव और अवतलन।
  - गर्मी के मौसम में **दक्षिण पश्चिम मानसून वर्षा।**
  - भारत के अन्य भागों की तुलना में **कम वार्षिक वर्षा** (4-20 इंच) होती हैं
  - सबसे **ठंडा महीना** - जनवरी
  - सबसे **गर्म महीना** - मई और जून।
  - **औसत तापमान -**
    - **ग्रीष्मकाल-** 75-70 डिग्री सेल्सियस
    - **शीतकाल** - 39-50 डिग्री सेल्सियस

## 4. प्रायद्वीपीय पठार

- आकार में लगभग **त्रिभुजाकार।**
- **विस्तार:**
  - चोटी - कन्याकुमारी में।
  - उत्तर-दिल्ली कटक
  - **पूर्व-** राजमहल की पहाड़ियाँ
  - **पश्चिम-** गिर श्रृंखला
  - **दक्षिण-** इलायची पहाड़ियाँ
- **उत्तर-पूर्व** यानी शिलांग और कार्बी-एंग्लोंग पठार में भी विस्तार देखा गया है।
- **क्षेत्रफल -** 16 लाख वर्ग किमी (संपूर्ण भारत 32 लाख वर्ग किमी है)।
- **ऊँचाई-** समुद्र तल से 600-900 मीटर (प्रत्येक क्षेत्र में भिन्न होती है)।
- अधिकांश नदियाँ **पश्चिम से पूर्व की ओर** बहती हैं जो सामान्य ढाल का संकेत देती हैं।
  - **अपवाद:** नर्मदा-ताप्ती नदी पूर्व से पश्चिम की ओर बहती हैं |
- पृथ्वी के **सबसे पुराने और सबसे स्थिर भू-आकृतियों** में से एक।
- अत्यधिक **स्थिर खंड/ ब्लॉक** ज्यादातर **आर्कियन नाईस** और शिस्ट ( शैल का प्रकार) से बना है।
- प्रायद्वीपीय भारत अनेक पठारों से मिलकर बना है, जैसे हजारीबाग पठार, पलामू पठार, रांची पठार, मालवा पठार, कोयम्बटूर पठार और कर्नाटक पठार आदि।
- महत्वपूर्ण भौगोलिक विशेषताएं: भ्रंशोत्थ/ब्लॉक पर्वत , भ्रंश घाटी, चट्टानी संरचनाएं, आदि जल भंडारण के लिए प्राकृतिक स्थलों का निर्माण करते हैं ।

- **प्रमुख पर्वत श्रेणियाँ** :

| | |
|---|---|
| **अरावली पर्वत श्रेणी** | • सबसे पुरानी पर्वत श्रृंखलाओं में से एक हैं।<br>• अवसादी, रूपांतरित चट्टानें पायी जाती हैं।<br>• औसत ऊंचाई- 930 मीटर (1,000 मीटर से भी अधिक ऊँचाई वाली कुछ पहाड़ियाँ पायी जाती हैं।)<br>• वर्तमान में, दिल्ली से अजमेर तक एक असंतत चोटियाँ के रूप में देखा जाता है<br>• सबसे ऊंची चोटी- गुरुशिखर, माउंट आबू (1722 मीटर)।<br>• क्षेत्रीय नाम- उदयपुर के पास 'जर्गा ' और दिल्ली के पास 'दिल्ली श्रृंखला'। |
| **विंध्य पर्वत श्रेणी-** | • विंध्याचल पर्वत श्रेणी उत्तर भारत को दक्षिण भारत से अलग करती है।<br>• कई उत्तर में बहने वाली नदियों का स्रोत जो यमुना से मिलती हैं।<br>• मध्य भारत के जल विभाजन का कार्य करती हैं।<br>• **प्रमुख नदी : माही**<br>  ○ विंध्य पर्वत श्रृंखला के उत्तरी ढलान में उत्पन्न होती है।<br>  ○ पश्चिम की ओर बहती हैं।<br>  ○ नर्मदा-सोन घाटी के समानांतर एक ढलान के रूप में बहती हैं \|<br>• **स्थान:** गुजरात, राजस्थान सीमा से MP, UP, छत्तीसगढ़ ,झारखण्ड\|<br>• **3 प्रमुख भाग**<br>  ○ भरनेर की पहाड़ियाँ<br>  ○ कैमूर की पहाड़ियाँ।<br>  ○ पारसनाथ की पहाड़ियाँ।<br>• **सामान्य ऊंचाई:** 300- 650 मीटर। |

Toppersnotes
Unleash the topper in you

| | |
|---|---|
| | • अधिकांश भाग प्राचीन काल की **अवसादी चट्टानों से निर्मित** हैं।<br>• गंगा और **प्रायद्वीपीय नदी प्रणालियों के बीच जलविभाजक** का कार्य करती हैं \| |
| **सतपुड़ा पर्वत श्रेणी:** | • सतपुड़ा भारत के मध्य भाग में स्थित एक पर्वतमाला है।<br>• महाराष्ट्र-मध्य प्रदेश में भ्रंश घाटियों के बीच राजपीपला पहाड़ी,<br>• महादेव पहाड़ी एवं मैकाल श्रेणी रूप में पश्चिम से पूर्व की ओर विस्तृत है।<br>• मध्य प्रदेश में प्रमुख भाग<br>• **3 भाग :-**<br>  ○ राजपिपला पहाड़ी,<br>  ○ महादेव पहाड़ी<br>  ○ मैकाल श्रेणी<br>• भारत की **सबसे बड़ी भ्रंश घाटी** वाला एक भ्रंशोत्थ पर्वत / ब्लॉक पर्वत।<br>• **प्रमुख नदियाँ:**<br>  ○ उत्तर - नर्मदा<br>  ○ दक्षिण - ताप्ती<br>• **प्रमुख वलन**<br>  ○ मैकाल पहाड़ियाँ<br>  ○ पचमढ़ी के पास महादेव पहाड़ियाँ<br>  ○ कालीभीत<br>  ○ असीरगढ़<br>  ○ बीजागढ़<br>  ○ बड़वानी<br>  ○ अरवानी (पूर्वी गुजरात में राजपीपला पहाड़ियों तक फैला हुआ है)।<br>• **सबसे ऊंची चोटी-** धूपगढ़ (1,350 मीटर) पचमढ़ी (महादेव पहाड़ियाँ) के पास।<br>• **अमरकंटक** (1,127 मीटर) - सबसे ऊंची चोटी - मैकाल पहाड़ियाँ- नर्मदा और सोन की उत्पत्ति। |

- **प्रमुख पठार**

| | |
|---|---|
| **मारवाड़ अपलैंड या मेवाड़ पठार** | • राजस्थान में अरावली के पूर्व में स्थित<br>• बनास नदी और उसकी सहायक नदियों बेराच नदी, खारी नदियों द्वारा उकेरा गया एक सपाट मैदान।<br>• औसत ऊंचाई - समुद्र तल से 250-500 मीटर।<br>• विंध्य काल के बलुआ पत्थर, शैल और चूना पत्थर से बना है। |
| **मध्य भारत पठार** | • मारवाड़ अपलैंड के पूर्व।<br>• केंद्रीय उच्च भूमि भी कहते हैं \|<br>• प्रमुख नदी- चंबल।<br>  ○ अन्य -काली-सिंध, बनास और पार्वती। |
| **मालवा का पठार** | • मध्य प्रदेश ,अरावली और विन्ध्याचल के बीच में स्थित है।<br>• काली मिट्टी-व्यापक लावा प्रवाह से निर्मित \|<br>• भारत की काली कपास मिट्टी का निर्माण विदर ज्वालामुखी चट्टान के अपक्षय के कारण हुआ है<br>  ○ अरावली श्रेणी - पश्चिम<br>  ○ नर्मदा नदी - दक्षिणी सीमा बनाती हैं।<br>  ○ बुंदेलखंड - पूर्व<br>• पश्चिम-अरावली श्रेणी<br>• उत्तर-मध्य भारत पठार<br>• 2 जल प्रवाह प्रणाली:<br>  ○ अरब सागर -नर्मदा, ताप्ति और माही<br>  ○ बंगाल की खाड़ी -चंबल और बेतवा, यमुना |
| **बुंदेलखंड का पठार** | • उत्तरप्रदेश और मध्यप्रदेश के पूर्वोत्तर में स्थित हैं।<br>• यहाँ गहन अपरदन, अर्ध-शुष्क जलवायु पायी जाती हैं जो खेती के लिए अनुपयुक्त हैं। |

Toppersnotes
Unleash the topper in you

| | |
|---|---|
| | • 'बुंदेलखंड नाईस ' की गहरी घाटी के ऊपरी इलाकों से विभाजित, जिसमें ग्रेनाइट और गनीस शामिल हैं।<br>• सीमाएं:<br>  ○ उत्तर-यमुना नदी<br>  ○ पश्चिम-मध्य भारत का पठार.<br>  ○ पूर्व-विंध्य स्कार्पलैंड्स<br>  ○ दक्षिण और दक्षिण -पूर्व में मालवा का पठार।<br>• औसत ऊंचाई- समुद्र तल से 300-600 मीटर<br>• विंध्य सीधी ढाल /स्कार्प से यमुना नदी की ओर ढलान।<br>• विशेषता -अधिक पुरानी स्थलाकृतियाँ ।<br>• नदियाँ: बेतवा, धसान और केन। |
| **बघेलखंड पठार** | • मैकाल श्रेणी के उत्तर से पूर्व की ओर स्थित है।<br>• विस्तार -यूपी, एमपी और छत्तीसगढ़ में \|<br>• पश्चिम में चूना पत्थर ,बलुआ पत्थर और पूर्व में ग्रेनाइट से बना है।<br>• गंगा बेसिन को महानदी बेसिन से अलग करती है।<br>• उत्तर में सोन नदी से घिरा।<br>  ○ रिहंद बांध और गोविंद बल्लभ पंत सागर जलाशय (भारत की सबसे बड़ी मानव निर्मित झील)।<br>• धारवाड़ और गोंडवाना चट्टानें शामिल हैं।<br>• प्रमुख कोयला क्षेत्र- सोहागपुर और शहडोल कोयला क्षेत्र<br>• सामान्य ऊंचाई: 150 मीटर से 1,200 मीटर\|<br>• मध्य खंड सोन जल निकासी प्रणाली (उत्तर) और महानदी नदी प्रणाली (दक्षिण) के बीच जल विभाजन के रूप में कार्य करता है |
| **छोटा नागपुर का पठार** | • प्रायद्वीपीय पठार का उत्तर-पूर्वी भाग।<br>• मुख्य रूप से गोंडवाना चट्टानों से बना है।<br>• औसत ऊंचाई: समुद्र तल से 600 से 700 मीटर।<br>• उप-पठार की एक श्रृंखला से मिलकर बनता है जिसे पाट भूमि खनिज समृद्ध पठार भी कहा जाता हैं।<br>• भारत का रुर प्रदेश भी कहा जाता हैं।<br>• प्रमुख नदियाँ:<br>• उत्तर-पश्चिम-सोन, दामोदर, सुवर्णरेखा, उत्तर कोयल दक्षिण कोयल और बराकर।<br>  ○ दामोदर- पश्चिम से पूर्व की ओर भ्रंश घाटी से होकर बहती है।<br>• गोंडवाना कोयला क्षेत्र (भारत में सबसे अधिक कोयला आपूर्ति) पाये जाते हैं।<br>• उत्तर पूर्वी -राजमहल पहाड़ियाँ<br>  ○ लावा प्रवाह (बेसाल्टिक) से आच्छादित।<br>  ○ उत्तर-दक्षिण दिशा में फैला हैं \|<br>  ○ औसत ऊँचाई - 400 मीटर\| |
| **काठियावाड़ का पठार** | • गुजरात के काठियावाड़ क्षेत्र में स्थित हैं \|<br>• इसमें कई नलिका जैसे ज्वालामुखी छिद्र हैं जो कई पहाड़ी श्रेणीओं को जन्म देते हैं जैसे गिरनार श्रेणी, जूनागढ़ श्रेणी, पावागढ़ श्रेणी आदि।<br>• नाल सरोवर झील (पक्षी अभयारण्य) - पूर्वोत्तर सीमा।<br>• उत्तर - लघु रण<br>• ज्वालामुखीय पहाड़ियाँ- मांडव पहाड़ियाँ और बलदा पहाड़ियाँ।<br>• उच्चतम बिंदु: माउंट गिरनार। |

## दक्कन का पठार

- आकार में **त्रिकोणीय** हैं।
- **सीमाएँ:-**
  - **उत्तर-पश्चिम** में सतपुड़ा और विंध्य पर्वत श्रेणी
  - उत्तर में महादेव और मैकल पर्वत श्रेणी
  - **पश्चिम** में पश्चिमी घाट
  - **पूर्व** में पूर्वी घाट
- **औसत ऊंचाई** - 600 मीटर।
- **दक्षिण** में **1000 मीटर तक ऊँचा** है, लेकिन उत्तर में **500 मीटर तक कम** हो जाता है।
- **ढाल** - पश्चिम से पूर्व की ओर (नदियों के प्रवाह से प्रमाणित)।